समाचार

# बस टर्मिनल व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यो में लायें अपेक्षित तेजी, समयसीमा में पूरा करें कार्य – आयुक्त

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के दर्री जोन क्षेत्र का किया दौरा, बस टर्मिनल, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित जोन में प्रगतिरत निर्माण कार्यो एवं प्रधानमंत्री आवासगृह परिसर लाटा का किया निरीक्षण )




कोरबा 09 अक्टूबर 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सरदार पटेलनगर जमनीपाली दर्री में निर्माणाधीन बस टर्मिनल व प्रगतिनगर में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यो में अपेक्षित तेजी लाएं तथा कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित रखते हुए समयसीमा में कार्यो को पूरा कराएं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाटा में निगम द्वारा निर्मित ए.एच.पी.घटक के आवासगृहों में पानी, बिजली, सड़क नाली सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराते हुए इन आवासगृहों में आबंटिती हितग्राहियों की शिफ्टिंग कराएं।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोनांतर्गत निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न बड़े व छोटे विकास व निर्माण कार्यो का आकस्मिक निरीक्षक करते हुए कार्यो की कार्यप्रगति का जायजा लिया। निगम द्वारा प्रगतिनगर दर्री में 99 करोड़ 40 लाख रूपये की समग्र लागत से 33 एम.एल.डी. क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है, इस प्लांट के माध्यम से कोरबा के सभी बड़े नालों से उत्सर्जित दूषित जल को उपचारित किया जाएगा तथा इस जल को एन.टी.पी.सी. को उपलब्ध कराया जाएगा, इससे शहर में प्रतिदिन लाखों लीटर उत्सर्जित दूषित जल के समुचित प्रबंधन

का मार्ग प्रशस्त होगा तथा कोरबा की जीवनदायनी हसदेव नदी को प्रदूषित होने से भी रोका जा सकेगा। अपने दौरे के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय प्रगतिनगर पहुंचे तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े कार्यो व कार्य स्थल का सघन रूप से निरीक्षण किया, उसकी कार्यप्रगति को देखा। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यो में अपेक्षित तेजी लाएं तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य को पूरा कराएं। इसी प्रकार नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सरदार पटेलनगर जमनीपाली स्थित प्रतीक्षा बस स्टैण्ड परिसर में 05 करोड़ 70 लाख रूपये की लागत से बस टर्मिनल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने टर्मिनल के निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते हुए कार्य प्रगति का जायजा लिया एवं कार्यो में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**पी.एम.ए.वाई.आवासगृह परिसर का निरीक्षण** – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दर्री जोनांतर्गत लाटा बस्ती के समीप प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी.घटक अंतर्गत 132 आवासगृहों का निर्माण कराया गया है, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज उक्त आवासगृहों एवं वहॉ पर निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विविध मूलभूत सुविधाओं से जुड़े प्रगतिरत कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पी.एम.ए.वाई. के इन आवासगृहों में पानी, बिजली, साफ–सफाई सहित अन्य सुविधाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए जिन हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित किए गए हैं, उनकी शिफ्टिंग आवासगृहों में कराएं।

**विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण** – दर्री जोन के विभिन्न स्थानों पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण सहित विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो का आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्थल पर पहुंच कर सघन रूप से आकस्मिक निरीक्षण किया, उन्होने कार्यो की गुणवत्ता को परखा तथा कार्य प्रगति का अवलोकन करते हुए कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने एवं कार्यो में अपेक्षित तेजी लाकर समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अभियंताओं व निर्माण एजेंसियों को दिए।

**साफ–सफाई कार्यो मे और अधिक कसावट लाएं** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने दर्री जोनांतर्गत प्रगतिनगर, दर्री मुख्य मार्ग व साप्ताहिक बाजार, सरदार पटेलनगर, जमनीपाली सहित विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर निगम द्वारा कराए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का अवलोकन किया तथा स्वच्छता से जुड़े कार्यो में और अधिक कसावट लाने, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्यो को चुस्त–दुरूस्त रखने के निर्देश अधिकारियो व स्वच्छता निरीक्षकों को दिए। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने सफाई कार्यो व डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्यो में सलग्न सफाईमित्रों, स्वच्छता कामगारों व स्वच्छता दीदियों से उनके कार्यो एवं कार्यस्थलों की जानकारी ली तथा कार्यो की बेहतरी के संबंध में उनका आवश्यक मार्गदर्शन भी किया।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, जोन कमिश्नर तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, उप अभियंता सोमनाथ डेहरे, प्रमोद जगत, स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र नामदेव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।